



## एक नजर में

### विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण

**बैतूल।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के प्रवर्तन में उद्यमिता सह कौशल विकास कार्यक्रम (इएसडीपी) के तहत बैतूल जिले के अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लिए उद्यमिता विकास केंद्र मप्र (सेडमैप) के द्वारा नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 नवंबर है। प्रशिक्षण हेतु उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थी को न्यूनतम 12वीं कक्षा पास तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना अनिवार्य है।इस संबंध में अधिक जानकारी एवं आवेदन के लिए शौर्य एजुकेशन इंस्टीट्यूट, होटल रीमून के सामने, इटारसी रोड, सदर, बैतूल के पते पर संपर्क किया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आवेदन हेतु अभ्यर्थी को अपना, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, 12वीं कक्षा की अंकसूची, स्वयं का पासपोर्ट आकार का फोटो लेकर आना होगा।

### ताप्ती तट पर हुआ हरिहर मिलन कार्यक्रम

**मुलताई।** पवित्र नगरी में ताप्ती तट पर सोमवार रात 12 बजे श्रद्धालुओ द्वारा पहली बार हरिहर मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान शंकर और भगवान विष्णु के प्रतीक रूपों का संगम कराया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ तपेश्वर शिव मंदिर से भगवान शंकर की विशाल पालकी यात्रा के साथ हुआ। सैकड़ों श्रद्धालुओ द्वारा डमरू, ढोल, मृदंग और झांझ की ध्वनि के साथ नाचते-गाते हुए पालकी यात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण कर वापस ताप्ती तट पहुंची।यात्रा का समापन सत्यनारायण मंदिर में हुआ, जहां भगवान शंकर और भगवान सत्यनारायण (भगवान विष्णु) का मिलन कराकर विशेष पूजा-अर्चना की गई। परंपरा के अनुसार, भगवान शंकर को तुलसी और भगवान सत्यनारायण को बेलपत्र अर्पित किए गए।

### नहरों की सफाई और मरम्मत का हो रहा कार्य

**बैतूल।** जल संसाधन संभाग मुलताई एवं बैतूल के अंतर्गत आने वाले जलाशयों से जुड़ी नहरों की सफाई और मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य भी शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। रबी सीजन में सिंचाई के लिए निर्मित जलाशयों की नहरों से संबंधित कमांड क्षेत्रों में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मांग आधारित एवं संयुक्त बैठकों के माध्यम से पानी छोड़े जाने का निर्णय लिया जाएगा। इससे लाभान्वित किसानों को सिंचाई के लिए समय पर पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

### आज मनाई जाएगी मां मांचना जयंती, भव्य चुनरी यात्रा निकलेगी

**बैतूल।** मां मांचना सेवा समिति बैतूल द्वारा 5 नवंबर को मां मांचना जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष सरिता राठौर ने बताया कि दोपहर 3 बजे प्राचीन माता मंदिर गंज पेट्रोल पंप से 121 फीट लंबी चुनरी की यात्रा निकाली जाएगी, जो बाजे गाजे के साथ जयप्रकाश वार्ड स्थित दामा बाबा घाट पर पहुंचेगी। शाम 5 बजे मुख्य कार्यक्रम में मां मांचना का दुग्धाभिषेक, दीपदान और चुनरी भेंट की जाएगी।

# जनसुनवाई : कलेक्टर ने राजस्व रिकॉर्ड अभिलेखों को सुधारने दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 4 नवंबर. बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रात: 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया।**

**जनुसनवाई में शिवदीन की समस्या का हुआ निराकरण**

**कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी समस्याएं**



जनसुनवाई में भैंसदेही तहसील के ग्राम चिचोलीढाना निवासी शिवदीन ने नक्शा एवं राजस्व रिकॉर्ड अभिलेखों में सुधार किए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने भैंसदेही तहसीलदार को राजस्व रिकॉर्ड अभिलेखों में सुधार कर प्रकरण का शीघ्र निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आवेदकों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए परेशान न होना पड़े यह सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई कुल 121 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। बैतूल निवासी गीता ने आवेदन के माध्यम से अनावेदकों द्वारा खेत में लगी पूरी फसल को हार्वेस्टर से काटने और मेढ़ पर लगे पोल उखाड़ कर किए गए अवैध कब्जे की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने आठनेर तहसीलदार को तत्काल प्रकरण का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। बैतूल के ग्राम किल्लौद निवासी प्रदीप कुमार वर्मा ने खेत में नाम जोड़ने एवं ऑनलाइन दर्ज किए जाने की मांग की। कलेक्टर ने बैतूल तहसीलदार को नाम दर्ज किए जाने के निर्देश दिए। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण की जांच कर शीघ्र निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने की ग्रेवल सड़क मरम्मत की मांग

जनसुनवाई में ग्राम जसोंदी के ग्रामीणों ने ग्रेवल सड़क का मरम्मत कार्य किए जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सीईओ जनपद बैतूल को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल निवासी गीता ने आवेदन के माध्यम से अनावेदकों द्वारा खेत में लगी पूरी फसल को हार्वेस्टर से काटने और मेढ़ पर लगे पोल उखाड़ कर किए गए अवैध कब्जे की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने आठनेर तहसीलदार को तत्काल प्रकरण का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। बैतूल के ग्राम किल्लौद निवासी प्रदीप कुमार वर्मा ने खेत में नाम जोड़ने एवं ऑनलाइन दर्ज किए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने बैतूल तहसीलदार को नाम दर्ज किए जाने के निर्देश दिए।

### कब्जा दिलाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में प्रभात पट्टन तहसील के ग्राम मासोद निवासी गुंता चौर ने आवेदन के माध्यम से जमीन का कब्जा दिलाए जाने की गुहार लगाई। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण की जांच कर शीघ्र निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। बैतूल मुख्यालय के टैगोर वार्ड निवासी लता भार्गव ने माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा पारित आदेश के पालन में शीघ्र नामांतरण किए जाने के लिए मुलताई तहसीलदार को निर्देश दिए जाने की गुहार लगाई। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुलताई तहसीलदार को प्रकरण के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। शाहपुर तहसील के ग्राम ढानीखेड़ा निवासी टुकडू मानकर ने शासन द्वारा प्रदत्त चेंको का भुगतान एवं ब्याज दर के अनुसार राशि सीधे बैंक खाते में डालने की गुहार लगाई। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने शाहपुर एसडीएम और एलडीएम को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदन पर जनपद पंचायत शाहपुर सीईओ को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।

# उपलब्धि : स्वास्थ्य के क्षेत्र में बैतूल क्लब फुट मुक्त जिला घोषित

**बैतूल।** जिले ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। बैतूल को क्लब फुट मुक्त जिला घोषित किया गया है। इस उपलब्धि पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन की संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण ग्राम स्तर पर आंगनवाड़ी केन्द्रों तथा शासकीय एवं अनुदान प्राप्त स्कूलों में मोबाइल हेल्थ टीमों द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत बच्चों में 4-डी (जन्मजात विकृतियां, बाल्यावस्था रोग, पोषण संबंधी कमियां एवं विकास में विलंब) की पहचान कर उपचार की व्यवस्था की जाती है।




कलेक्टर श्री सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में कार्य योजना के अनुसार जिले में 02 से 18 वर्ष आयु वर्ग के क्लब फुट से पीड़ित बच्चों की पहचान कर सर्जरी एवं आवश्यक उपचार सुनिश्चित किया गया। समर्पित प्रयासों के परिणामस्वरूप 31 मार्च 2025 तक बैतूल को क्लब फुट मुक्त जिला घोषित किया गया। जिसकी कलेक्टर द्वारा सतत मॉनिटरिंग की गई।

मिशन संचालक डॉ. सिडाना ने अपने संदेश में कहा कि क्लब फुट जैसे जन्मजात दोष का समय पर उपचार बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है। बैतूल जिले द्वारा इस दिशा में किए गए जागरूकता अभियान, पहचान, उपचार और निरंतर फॉलोअप सराहनीय है। उन्होंने कहा कि बैतूल की यह सफलता अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

# हाईवे पर डिवाइडर से टकराई कार, 6 घायल

**मुलताई। नेशनल हाईवे नागपुर बैतूल रोड पर राधाकृष्ण राइस मिल के पास मंगलवार सुबह 8 बजे बैतूल की ओर जा रही एक कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई।**

जिससे कार के सवार बैतूल के छह युवक घायल हो गए। युवक कार से जामसावली से दर्शन कर लौट रहे थे। बताया जाता है कार चला रहे युवक को झपकी आ गई,जिससे इनोवा कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और चार से पांच बार पलट गई। दुर्घटना में जहाँ कार के परखच्चे उड़ गए, वहीं कार में सवार बैतूल निवासी आदर्श जैन, प्रतीक



खंडेलवाल, ऋतिक बारस्कर, आर्यन सोनी, आशुतोष जैन और राहुल शर्मा घायल हो गए। घटना की सूचना प्रत्यक्षदर्शियो ने तुरंत पुलिस और 112 डायल टीम की दी,सूचना मिलने पुलिस और एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंची एवं सभी घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां घायलों का उपचार किया गया। बताया जा रहा है कि कार में सवार सभी युवा जामसावरी गये हुए थे, जहां से लौटते समय राधाकृष्ण राइस मिल के पास यह हादसा हुआ।

# बकाया बिजली बिलों के एक मुश्त भुगतान पर मिल रही भारी छूट

**बैतूल।** मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के अंतर्गत बकाया बिजली बिल के भुगतान पर भारी छूट दी जा रही हैं है। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल व्रत से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना के तहत प्रथम चरण 3 नवंबर से प्रारंभ है, जो आगामी 31 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इस अवधि में बकाया बिजली बिलों के भुगतान पर 60 से 100 प्रतिशत सरचार्ज माफ किया जाएगा। इसके दूसरे चरण पर बकाया बिजली बिलों के भुगतान पर 50 से 90 प्रतिशत सरचार्ज माफ किया जाएगा। ऐसे सभी उपभोक्ताओं से अपील है कि वह इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए अपने नजदीकी वितरण केंद्र में अति शीघ्र जाकर संपर्क करें और अपना रजिस्ट्रेशन कराकर अपने लंबित बकाया विद्युत बिलों का भुगतान करें और कनेक्शन कटने इत्यादि और न्यायालयीन की समस्या से निजात पाए। सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि घरेलू और गैर घरेलू कृषि के लिए विद्युत का अस्थाई, स्थाई कनेक्शन लेकर व अन्यथा की स्थिति में विद्युत अधिनियम की धारा 135 अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया जाएगा और अधिरोपित राशि का भुगतान समय अवधि में नहीं करने पर न्यायालय प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

# 2 .40 लाख की शराब जब्त, दो आरोपी पकड़ाये

**बैतूल।** जिले में अवैध शराब बिक्री और परिवहन को लेकर कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश और जिला आबकारी अधिकारी अंशुमन चढ़ार के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। वृत्त आठनेर एवं मुलताई क्षेत्र में की गई इस संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में अवैध मदिरा जप्त की गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सूचना के आधार पर मुलताई निवासी राघव दास उर्फ बबलू यादव पिता चंद्र कुमार यादव उम्र 29 वर्ष के निवास पर दबिश दी गई यहां से देसी शराब मसाला 180 एमएल की तीन पेटियां तथा देसी प्लेन



180 एमएल की चार पेटियां बरामद की गई। इसके अलावा ग्राम पंचायत राय आमला में स्थित एक ढाबे से देसी मदिरा मसाला 180 एमएल की 40 पेटियां, देसी प्लेन 180 एमएल की तीन पेटियां एवं बियर लेमाउंट की 12 बोतलें और छह केन भी जब्त की गई। कुल मिलाकर 460.8 बल्क लीटर मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 40 हजार आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी लीला सिंह मुकाती, आबकारी उपनिरीक्षक राजेश वट्टी, उपनिरीक्षक (परिवीक्षाधीन) जुथिका वर्मा, तथा आबकारी आरक्षक अक्षय हुरडे, राजेंद्र राठौड़, मदनलाल सूर्यवंशी, के.एल. टेकाम, जगन्नाथ गुरुवे, अबलवंत बारस्कर और कुसुम धुर्वे का विशेष योगदान रहा।

# आयन रिज़वी को टारगेट बाल प्रतियोगिता में मिला गोल्ड मेडल

**सारनी।** नेशनल टारगेट बाल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में सारनी के युवा खिलाड़ी अयान रिज़वी को गोल्ड मेडल मिला है। अयान रिज़वी ने गोल्ड मेडल जीत कर सारनी एवं मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है। युवा खिलाड़ी अयान रिज़वी को गोल्ड मेडल मिलने पर विधायक योगेश पंडाग्रे, नपा अध्यक्ष किशोर बरदे, अंजुमन कमेटी सारनी अध्यक्ष रफी अहमद,महासचिव अब्दुल रहमान खान,चीफ इंजिनियर व्हीके कैथवार, एडिशनल चीफ इंजीनियर एस एन सिंह,एमपी जनरेटिंग कंपनी सारनी क्रिकेट टीम कप्तान रूपेश चौरे, पार्षद इशरत जहां, सतपुड़ा व्यापारी संघ अध्यक्ष अरविंद सोनी ने बधाई दी है।भोपाल में आयोजित नैशनल टारगेट बाल प्रतियोगिता में देश भर की एक दर्जन टीमों ने भाग लिया है। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर अयान अहमद रिजवी को गोल्ड मेडल, शिवानी कैथल को सिल्वर एवं जूनियर केटेगिरी में उत्तम अहिरवार को ब्रास मेडल मिला है। गोल्ड मेडल जीतने वाले अयान रिज़वी के पिता शमीम अहमद फरहीन गेस्ट हाउस के संचालक एवं पावर प्लांट में ठेकेदार है।

# निलय डागा की मां ताप्ती चुनरी पदयात्रा आज

**बैतूल।** आस्था, समर्पण और सामाजिक एकजुटता का अद्भुत संगम आज बैतूल की धरती पर देखने को मिलेगा, जब पूर्व विधायक निलय विनोद डागा के नेतृत्व में हजारों श्रद्धालु मां ताप्ती चुनरी पदयात्रा के पवित्र मार्ग पर कदम रखेंगे। किसानों और सर्वहारा वर्ग की खुशहाली के संकल्प के साथ यह यात्रा पूरे जिले की जनभावना का प्रतीक बन चुकी है। पूर्व विधायक निलय डागा के नेतृत्व में यह चुनरी पदयात्रा लगातार नौवें वर्ष आयोजित की जा रही है। नर्मदा परिक्रमा यात्रा से प्रेरित होकर शुरू हुई यह परंपरा आज जिले की धार्मिक चेतना और



सामाजिक समरसता की पहचान बन गई है। डागा ने बताया कि मां ताप्ती के चरणों में इस यात्रा का उद्देश्य जिले के किसानों और श्रमिक वर्ग की समृद्धि, कल्याण और शांति की कामना करना है। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज 5 नवंबर बुधवार को यह ऐतिहासिक पदयात्रा सुबह 7 बजे कोठी बाजार लल्ली चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ होगी। यात्रा मार्ग में श्रद्धालु थाना चौक, टिकारी अखाड़ा चौक, कारगिल चौक, सदर ग्राम दनोरा, भड़ूस, महदगांव, डहरगांव, खेड़ी सांवलीगढ़ से होते हुए दोपहर 2 बजे ताप्ती घाट पहुंचेंगे। वहां सूर्य पुत्री जीवनदायिनी मां ताप्ती को चुनरी अर्पित की जाएगी और जिले की समृद्धि, खुशहाली एवं सुख-शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की जाएगी। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि वे सपरिवार इस यात्रा में सम्मिलित होकर मां ताप्ती के चरणों में नमन करें।

# मेले में दुकान लगाने वाले व्यापारियों की समस्याओं का हो निराकरण

**मुलताई। पवित्र नगरी में कार्तिक पूर्णिमा से लगने वाले ताप्ती मेले में दुकान लगाने वाले एवं झूले वाले व्यापारियो कि समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग को लेकर मंगलवार को पूर्व विधायक डॉ सुनीलम के नेतृत्व में सपा नेता अनिल सोनी, मनोज अग्रवाल नानचु, किसान नेता जगदीश दोडके सहित व्यापारियों ने एसडीएम राजीव कहार को ज्ञापन सौपा।**

सौपे गए ज्ञापन में बताया ताप्ती मेले में परिषद द्वारा आवंटित दुकानो को लेकर व्यापारियों मे आक्रोश है। ताप्ती मेले में आवंटित



दुकाने पूर्व वर्षो की तरह यथावत रखी जाए, व्यापारियो को पिछले वर्ष जिस दर पर प्लाट आवंटित किये गये थे उसी दर पर इस वर्ष भी किया जाए तथा 6 रूपये वर्ग फीट से 10 रूपये प्रति वर्ग फीट किया जाना अनुचित है।

पिछले वर्ष जिस जगह झूले लगे थे जिसकी दर पूर्व की तरह ही लगाई जाए। बिजली की दरो में बढोतरी नही जावे। बिजली का समय शाम 5 बजे से सुबह 5 बजे तक किया जाए। मेले में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए, प्रतिदिन पानी का 2 टेंकर प्रदाय किये जाए।दुकानो में पहुंच मार्ग की व्यवस्था की जाए। पुलिस चौकी की व्यवस्था की जावे। मेला ग्राउंड में स्ट्रीट लाईट पोल के माध्यम से दी जाए। फायर ब्रिगेड की व्यवस्था 24 घंटे दी जावे। झूले की जो नीलामी हुई है वह अवैध रूप से हुई है उसे निरस्त किया जावे। मेले में आने वाले एवं व्यापारियों के लिये महिलाओ एवं पुरुषो के लिये शौचा लय की व्यवस्थ जाए। होटलों से निकलने वाले गन्दा पानी की निकासी की व्यवस्था की जाए।होटल व्यापारियों के स्थल के लिये उसकी मांग अनुसार व्यवस्था की जाए। मेले में रेल्वे लाईन की तरफ से रास्ते दिए जाने की मांग की है।

**प्रदर्शन** शाहपुर नगर परिषद में वित्तीय घोटाले के आरोपों से मचा बवाल

# हंगामा : नप अध्यक्ष और सीएमओ पर वित्तीय गड़बड़ी के आरोप

**शाहपुर। नगर परिषद कार्यालय में विपक्ष और सत्ता पक्ष के कुछ असंतुष्ट पार्षदों ने लाखों रुपये के कथित फर्जी बिलों और विकास कार्यों में अनियमितताओं का मुद्दा उठाते हुए जमकर हंगामा किया।**

पार्षदों ने जमकर हंगामा किया। पार्षदों ने परिषद अध्यक्ष और सीएमओ पर मिलकर वित्तीय अनियमितताओं और फर्जी बिलों के माध्यम से लाखों रुपए के घोटाले करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। हंगामे में भारतीय जनता पार्टी की मंडल अध्यक्ष और पार्षद एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष भी शामिल रहीं। पार्षदों का कहना है कि नगर परिषद में छोटे-छोटे कार्यों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाकर



भारी राशि के बिल पास किए जा रहे हैं। वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद अंकुर राठौर ने बताया कि उनके वार्ड में 10 फीट की सीसी नाली का निर्माण कार्य मात्र 20,000 में किया जा सकता था, लेकिन अध्यक्ष द्वारा दबाव बनाकर सीएमओ ने 1,14,000 का बिल पास कर दिया। इसी तरह पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि नगर परिषद द्वारा करीब ?3.50 लाख रुपए के पाइप खरीदे गए, जिनमें से केवल दो पाइपों का ही उपयोग हुआ है, जबकि शेष पाइप भंडार गृह में रखे के नाम पर कहीं नहीं मिल रहे। पार्षद आशीष शुक्ला ने बताया कि उन्होंने नगर परिषद के आवक-जावक रजिस्टर और कैश बुक की जांच की, जिसमें कई स्थानों पर रिक्त पन्ने और संदिग्ध प्रविष्टियां मिली हैं। उनका कहना है कि कई मदों में फर्जी तरीके से राशि निकाली गई है। सीएमओ के द्वारा ऑफलाइन माध्यम से कार्य कराए जा रहे हैं जिसमें बीस हजार से लेकर नब्बे हजार रुपए तक बिल लगाया जा रहे हैं जो महीना में लाखों रुपए में पहुंच रहा है। इसके अलावा पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि ट्रैवल एजेंसी के वाहन का उपयोग अध्यक्ष और सीएमओ और कर्मचारी अपने निजी कार्यों के लिए कर रहे हैं और भुगतान नगर परिषद के द्वारा किया जा रहा है। पार्षदों ने मांग की है कि इन सभी मामलों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद फूलवती यादव ने आरोप लगाए कि उनके वार्ड में किया जा रहा मोक्ष धाम एवं पार्क निर्माण कार्य में पुराने और घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है पार्क की दीवार दो बार गिर चुकी है जिसके शिकायत उन्होंने सीएमओ से की परंतु सीएमओ द्वारा किसी प्रकार का कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है।

> पार्षद के द्वारा लगाए गए आरोप निराधार है, अगर भंडार के एवम उपार्जन अधिनियम का उल्लंघन हुआ है तो एफआईआर की जाएगी।
>
> **-अरुण कुमार श्रीवास्तव,** सीएमओ नप शाहपुर

# आम आदमी पार्टी का प्रथम जन संवाद संपन्न

**पाथाखेड़ा।** आम आदमी पार्टी के प्रदेशव्यापी जन संवाद अभियान के तहत सारनी में आयोजित प्रथम जन संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम शॉपिंग सेंटर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर आयोजित किया गया, जिसकी शुरुआत प्रदेश कोर कमिटी सदस्य अजय सोनी ने की। पार्टी के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रमेश भूमरकर ने बताया कि प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर के दिशा-निर्देशानुसार यह जन संवाद कार्यक्रम प्रदेशभर में जनता की समस्याओं को समझने और उनके समाधान की दिशा में ठोस पहल के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी कोर कमिटी सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में जनहित के



मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी दी गई है। अजय सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि सारनी सहित पूरे बैतूल जिले में 10 से अधिक जन संवाद और आंदोलन आयोजित किए जाएंगे, जिनका केंद्र बिंदु जनता से जुड़े प्रमुख मुद्दे होंगे। जल आवर्धन योजना, विद्युत कटौती, बेरोजगारी, पलायन, तथा शासकीय योजनाओं से वंचित परिवारों की समस्याएँ। उन्होंने कहा कि जल आवर्धन योजना के अंतर्गत नल कनेक्शन की 4000 राशि माफ कराई जानी चाहिए, क्योंकि यह आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ है। इस विषय पर आगामी दिनों में हस्ताक्षर अभियान भी शुरू किया जाएगा। क्षेत्र में बढ़ते अपराध और अवैध गतिविधियों को लेकर भी सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए।